दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, रविवार 07 नवंबर 2021

www.nyaysakshi.com



# वर्मी कम्पोस्ट का कन्वर्जन रेशियों बढ़ाने करें प्रयास-कलेक्टर

## कलेक्टर सिंह ने ली कृषि विभाग की मासिक समीक्षा बैठक







**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज सृजन सभाकक्ष में कृषि विभाग की मासिक समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि गोधन न्याय योजनान्तर्गत जिले में वर्मी का उत्पादन एवं ब्रिकी अच्छी हुई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में वर्मी के कन्वर्जन रेशियों को और बेहतर बनाने के दिशा में विशेष तौर पर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना के अन्तर्गत जिले में 12 नए गोठान प्रारंभ किए जा रहे है। इन गौठानों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने सभी एसएडीओ को वर्मी के उत्पादन और ब्रिकी को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने रसायनिक खाद के हानिकारक प्रभाव को बताकर वर्मी खाद की खरीदी के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी ब्लाक के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन की ऑनलाईन एन्ट्री जल्द पूर्ण करवायें। इस दौरान उन्होंने कमजोर कन्वर्जन पर घरघोड़ा एसएडीओ को कन्वर्जन रेशियों में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद निर्माण की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के दिशा-निर्देश दिए। सभी गोठानों में टांका, जल व्यवस्था जैसे सभी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने उतेरा फसल के अन्तर्गत दलहन, तिलहन फसल उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किस भूमि में कौन का फसल लिया जा सकता है, उसका निरीक्षण करें। जिससे किसानों को संबंधित फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने रबी फसल के सुरक्षा के लिए रेका-छेका अभियान को नियमित रूप से जारी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गोठान में पशुओं के लिए पैरा इकट्ठा करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ब्लॉकवार एवं गोठानवार पैरा की स्थिति का रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने जिले में धान के बदले लिए गए दूसरे फसलों की आरएईओ स्तर पर जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने सभी अधिकारियों के उनके लक्ष्य के विरूद्ध कितने हेक्टेयर में अन्य फसलें ली गई है, इसकी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले आरएईओ को शो-कॉज नोटिस देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिन ब्लॉक के आरएईओ के प्रदर्शन अच्छे थे, उनके कार्य करने के तरीकों को सभी अधिकारियों से साझा करने को कहा। जिससे अन्य अधिकारी भी अपने लक्ष्य के अनुरूप बेहतर प्रदर्शन कर सके। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल, उप पंजीयक सहकारिता सुरेन्द्र गोड़, उप संचालक पशुपालन डॉ. आर.एच. पाण्डेय, आरएईओ एवं एसएडीओ और कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पालीटेक्निक कालेज में प्रवेश हेतु तृतीय चरण की प्रक्रिया प्रारंभ

**रायगढ़ ।** किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में डिप्लोमा इंजी.पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अब तृतीय चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग होगी। शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में संचालित 3 वर्षीय डिप्लोमा इंजी.पाठ्यक्रमों में द्वितीय चरण के प्रवेश के बाद रिक्त रह गई सीटों पर अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। जिसका आधार सीजी-पीपीटी 2021 की परीक्षा की मेरिट लिस्ट बनाया जाएगा। डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन काउंसिलिंग के लिए 8 से 11 नवम्बर 2021 को अपरान्ह 3 बजे तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकते है। पंजीयन के बाद विकल्प फार्म भरना होगा। तत्पश्चात केन्द्रों में दस्तावेज का परीक्षण 11 नवम्बर शाम 5 बजे तक करवाना होगा।

### खाना खाने के दौरान हुआ विवाद बीच बचाव करने वाले एक शख्स पर चाकू से जानलेवा हमला, मामला दर्ज

**कांकेर (आरएनएस)।** कोतवाली थाना अंतर्गत लटटीपारा में खाना खाने के दौरान उपजे विवाद में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने वालों पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को प्रार्थी आदित्य शर्मा उम्र 21 निवासी शांतिनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पिता वीरेंद्र शर्मा, रामप्रकाश पटेल के घर में खाना खाने के लिये गया था,,जहाँ पर जितेंद्र पटेल , बुधसेन पटेल एवं अन्य लोग के साथ खाना खा रहे थे इसी दौरान जितेंद्र पटेल और बुधसेन पटेल दोनो आपस में झगड़ा कर अश्लील गाली गलौच करने लगे बीच बचाव करने व गाली गलौच करने से मना करने पर राम प्रकाश पटेल , जितेंद्र पटेल एवं बुधसेन पटेल एक राय होकर गली गलौच कर मारपीट करते हुए बुधसेन पटेल द्वारा पास में पड़े सब्जी काटने के चाकू से जान से मारने की नीयत से प्रार्थी के पिता वीरेंद्र शर्मा पर हमला कर दिया जिसमे उसे गंभीर चोट आई है। जिसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर तीनो आरोपियो के खिलाफ 303/21 धारा 294, 307, 34 भादवी की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### उद्योग मंत्री लखमा हरिद्वार पहुंचे

**जगदलपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने 5 नवबंर को देवनगरी हरिद्वार पहुंच कर गायत्री परिवार के मुख्य धार्मिक केन्द्र शांतिकुंज के मुख्य प्रशासक चिन्मय पंडया और निरंजरी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज से भेंट कर आर्शीवाद प्राप्त किया एवं शांतिकुंज में शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान पंडया ने उद्योग मंत्री को शांतिकुंज परिसर का भ्रमण कराकर पूरे देश में गायत्री परिवार के चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लखमा को देव संस्कृति से संबंधित पुस्तिका भेंट की। उद्योग मंत्री ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सभी वर्गों के भलाई और उन्नति के लिए चलाए जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। विशेष कर किसानों का धान 2500 रूपए में खरीदी और 2 रूपए में गोबर खरीदी पूरे देश में अमल करने वाली पहली सरकार है, जिससे हजारों किसानों और ग्रामीणों की आर्थिक हालत सुधर रही है। पंडया ने कहा कि गौवंश की रक्षा के लिए गायत्री परिवार प्रतिबद्ध है।

# इनोवा वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** दीवाली की रात बालको भदरापारा निवासी पदमराज के लिए काल की रात साबित हुई। तेज रफ्तार इनोवा वाहन ने बाइक सवार पदमराज और उसके साथी को ऐसी ठोकर मारी कि पदमराज काल के गाल में समा गया। जबकि साथी गंभीर रुप से घायल हो गया। मामले में यह बात सामने आ रही है,कि इससे पूर्व भी इनोवा कार के चालक ने तेज और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कई लोगों अपना शिकार बनाया था।

जानकारी के अनुसार बालको थानांतर्गत भदरापारा निवासी पदमराज ठाकुर के परिवार ने यह कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि दिवाली की रात घर की मुखिया की आखिरी रात साबित होगी। कोरबा से अपने घर बालको की तरफ बाइक से जा रहे पदमराज व उसके साथी को एक इनोवा चाहन के चालक ने ऐसी ठोकर मारी, कि पदमराज की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथी गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है वहीं बेहतर उपचार के लिए रायपुर रिफर करने की तैयारी की जा रही है। पदमराज अपने घर में इकलौता कमाउपूत था। उसके दो छोटे-छोट बच्चे हैं, जो पिता की मौत के बाद अनाथ हो गए है। पदमराज बालको की एक ठेका कंपनी में काम करता था। परिजनों ने बताया, कि रात करीब साढ़े 11 बजे हादसा हुआ है। उसने यह भी बताया कि मदमस्त इनोवा कार के चालक ने कई लोगों को ठोकर मारते हुए अंत में पदमराज की सांसे उजाड़ दी।

दिवाली की रात जब पूरा शहर रौशन का पर्व मना रहा था तब कुछ मनचले शराब के नशे में मदहोश पूरे शहर में हंगामा मचा रहे थे। घंटाघर चौक के पास कार में सवार मनचले जमकर हुड़दंग कर रहे थे। बहरहाल घटना को अंजाम देने के बाद चालक मौके से फरार हो गया वहीं उसकी वाहन मौके पर ही मौजूद है। मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### स्व. प्रहलाद राय अग्रवाल को व्यापारी संघ ने दी भाव पूर्ण श्रद्धांजलि

**रायगढ़ (आरएनएस)।** बिलासपुर अंचल की प्रख्यात समाजसेवी चंद्रपुर के मूल निवासी मां चंद्रहासिनी मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक स्वर्गीय प्रहलादराय अग्रवाल के दुखद निधन पर रायगढ़ व्यापारी संघ ने गहरा शोक प्रकट करते हुए उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। व्यापारी संघ के संयोजक राजेंद्र अग्रवाल, हीरा मोटवानी , बजरंग महमिया, राजेश अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल कबीर चौक, रवि अग्रवाल, ने कहा कि स्वर्गीय प्रहलादराय अग्रवाल न केवल समाज सेवा में अग्रणी और धर्म परायण व्यक्तित्व थे, बल्कि वे व्यापार जगत के एक प्रमुख स्तंभ थे।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**कोंडागांव (आरएनएस)।** जिले के बेरोजगारों को बस्तर फाइटर पुलिस में भर्ती कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की बात संज्ञान में आने पर प्रार्थी अमर सिंह पिता अस्तुराम सोरी साकिन गुहाबोरण्ड थाना फरसगांव की रिपोर्ट पर 03 आरोपियों शिवेन्द्र जैन, प्रताप सिंह पाण्डे एवं दीपेन्द्र नाग को गिरफ्तार किया है। वर्तमान में बस्तर रेंज में हो रहे बस्तर फाइटर्स की भर्ती में किसी भी व्यक्ति को भर्ती कराने के नाम पर रूपये नहीं देने व ऐसे व्यक्तियों की सूचना तत्काल थाने में देने की अपील कोंडागांव पुलिस ने किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर फाइटर पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थी से दो लाख पचास हजार रूपये में बात हुई तथा उपरोक्त आरोपियों द्वारा प्रार्थी अमर सिंह सोरी से एडवांस 50 हजार रुपये बडेडोगर चौंक फरसगांव में लिये बाकी रकम लिस्ट में नाम आने पर देना करार किये थे, किन्तु लिस्ट में नाम नहीं आने पर प्रार्थी के द्वारा भर्ती के लिए दिये गये रकम मांगने पर टाल मटोल करने लगे जिसकी रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना फरसगांव में अपराध क्रमांक 118 / 2021 धारा 420, 34 भादवि कायम कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर आरोपी 1. दीपेन्द्र नाग पिता स्व.शिवलाल नाग निवासी नवीन कालोनी वार्ड नं. 02 फरसगांव एवं 2. शिवेन्द्र जैन पिता भारत जैन निवासी सरोना थाना नरहरपुर जिला कांकेर 3. प्रताप सिंह पाण्डे पिता प्यारे लाल पाण्डे निवासी गुहाबोरण्ड थाना फरसगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

ठगी के आरोपीगणों के द्वारा पुलिस विभाग में भर्ती कराने के लिए कुरूद पाटन, धमतरी, कांकेर के बेरोजगारों को झांसा देकर ठगी करने की बात प्रकाश में आई हैं। पूछताछ पर आरोपीगण द्वारा अब तक कई बेरोजगारों को पुलिस में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करना स्वीकार किया है। उपरोक्त आरोपीगण के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों के इस गिरोह में शामिल होने की बात सामने आई है जिनकी पता तलाश की जा रही है।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मंदिर हसौद में गूंजी 6 किलकारियां

### » दीपावली के दिन भी स्वास्थ्य सेवाएं रही मुस्तैद



**रायपुर (आरएनएस)।** दीपावली पर भी स्वास्थ्य की सेवाएं मुस्तैद रही । विभाग द्वारा इसके लिए आपातकालीन सेवाएं और अलग से डॉक्टरों और स्टाफ का रोस्टर तैयार किया गया था । विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के लिए इमरजेंसी चिकित्सकीय सेवा सुचारू रूप से जारी रहीं । इसी कड़ी में दीपावली की रात को मंदिर हसौद स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में 6 किलकारियाँ गूंजी जिसमें 3 बालिकाओं और 3 बालकों का जन्म हुआ । बीईटीओ सविता साहू बताती हैं,''मंदिर हसौद स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर (पीएचसी) में स्वास्थ्य सेवाओं की मुस्तैदी के कारण 6 सामान्य प्रसव कराए गए । प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित है । सामान्य प्रसव करने में मेडिकल ऑफिसर डॉ.विजयलक्ष्मी अनंत, सिस्टर सपना पलित एवं आया संजीवनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।


मेडिकल ऑफिसर डॉ.विजयलक्ष्मी आनंद कहती है, ''त्यौहार अपनी जगह है और जन सेवा अपनी जगह क्योंकि त्यौहार की खुशियों को आगे किया जा सकता है लेकिन जनसेवा उसी समय करनी होती है। गर्भवती महिलाओं के प्रसव होने का समय अगर है तो सेवा पहले है और त्योहार को बाद में मना सकते है ।

तीजन यादव के पति बताते हैं ''रात्रि 9 बजे के समय प्रसव पीड़ा शुरू हो गई समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करें । तुरंत मितानिन दीदी को फोन लगाया थोड़ी ही देर में सारी व्यवस्था हो गई और अस्पताल ले आए और सामान्य प्रसव हुआ साथ ही सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ और बच्चे का टीकाकरण भी तुरंत किया गया । दीपावली के दिन त्यौहार छोड़कर हमारी सेवा में सुचारू रूप से लगे समस्त स्टाफ का मैं हृदय से धन्यवाद करता हूं । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल ने कहती है, किसी भी प्रकार की इमरजेंसी सेवा के लिए चिकित्सकीय सेवा सुचारू रूप से जारी रही । दीपावली पर आतिशबाजी के दौरान होने वाले हादसों के घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस सेवा को अलर्ट पर रखा गया था । दीपावली के दौरान आतिशबाजी के चलते घायलों के साथ ही गर्भवती महिलाओं को, दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा सके इसके लिए 24 घंटे एंबुलेंस की तैनाती व्यवस्था की गई थी । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल ने लोगों से अपील की है कि पर्व में बाहर निकलते वक्त अपने चेहरे पर मास्क जरूर लगाएं। इसके साथ ही शारीरिक दूरी का पालन जरूर करें। यह दो चीजें करके संक्रमण के खतरे को कम किया जा सकता है।

# राज्यपाल को झीरम घाटी जांच आयोग की रिपोर्ट सौंपी गई

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके को झीरम घाटी जांच आयोग की रिपोर्ट सौंपी गई। यह रिपोर्ट आयोग के सचिव एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) संतोष कुमार तिवारी ने सौंपी। यह प्रतिवेदन 10 वाल्यूम और 4184 पेज में तैयार की गई है। यह आयोग छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में गठित की गई थी। मिश्रा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश भी थे तथा वर्तमान में आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश है। झीरम घाटी की घटना 25 मई 2013 को हुई थी। इस घटना की जांच के लिए आयोग का गठन 28 मई 2013 को किया गया था। उल्लेखनीय है कि बस्तर के झीरम घाटी में नक्सलियों ने तत्कालीन कांग्रेस विधायक नंदकुमार पटेल के काफिले पर हमला किया था। जिसमें नंदकुमार पटेल, महेन्द्र कर्मा सहित अन्य लोग शहीद हो गए थे। इस घटना में पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल गंभीर रूप से घायल हुए थे। जिनका बाद में इलाज के दौरान निधन हो गया था।

# कार सवार बदमाशों ने अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों से मोबाइल व नगदी लूटा, मामला दर्ज



**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर जिले में दिवाली पर्व की रात कार सवार युवक घूम-घूमकर आतंक मचाते रहे। आरोपियों ने रतनपुर क्षेत्र के भैंसाझार के पास बाइक सवार युवकों से 8 हजार रुपए व मोबाइल लूट लिए। रिपोर्ट दर्ज कराने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। फिर उन्होंने सकरी के पास सब्जी लेकर मंडी आ रहे पिकअप सवार किसानों को धमकाते हुए लूटपाट की।

जानकारी के अनुसार कोटा क्षेत्र के उरमुरा में रहने वाले मुकेश कुमार राज बिलासपुर में एक निजी कंपनी में काम करता है। गुरुवार की रात 12 बजे वह छुट्टी लेकर अपने गांव जाने निकला था। उसके साथ गांव के ही रुपेश गोंड भी था। दोनों अभी भैंसझार चौक के पास पहुंचे थे। तभी कार सवार युवकों ने उन्हें ओवरटेक कर हाथ दिखाकर रोक लिए। बाइक रुकते ही कार सवार तीन युवकों ने उनके बैग के संबंध में पूछताछ की। इस बीच उन्होंने बैग को लूट लिया। फिर जाने लगे। मुकेश व उसके साथी के विरोध करने पर युवकों ने गाली-गलौज करने लगे। दोनों डर के कारण रतनपुर लौट रहे थे। तब युवकों ने उन्हें कार से उन्हें ठोकर मार दी। जान से मारने की धमकी दी और मोबाइल भी लूट लिए। पीड़ित मुकेश ने पुलिस को बताया कि लूटपाट करने वाले युवक चेहरे को गमछे से ढंका हुआ था। वहीं, कार का चालक अपने हाथों से चेहरा छुपा रहा था। कार सवार युवकों के रतनपुर की ओर जाने पर मुकेश ने अपना रास्ता बदल दिया। इसके बाद वे दूसरे रास्ते से किसी तरह रतनपुर पहुंचे। फिर थाने में इसकी शिकायत की। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है।

# मुख्यमंत्री निवास में गोवर्धन तिहार की धूम : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तुलसी, गौरा-गौरी और गोवर्धन पूजा की

### » गौमाता को खिचड़ी खिलाकर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की

### » पारम्परिक वेशभूषा में राउत नर्तक दल के साथ नृत्य में शामिल होकर कलाकारों का किया उत्साहवर्धन



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गोवर्धन तिहार पारंपरिक हर्षोल्लास के बीच धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया । इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धर्मपत्नी श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल और परिवार के सदस्यों के साथ तुलसी, गौरा-गौरी और गोवर्धन पूजा की और गौमाता को खिचड़ी खिलाकर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की।

मुख्यमंत्री निवास में देवारी तिहार और गोवेर्धन पूजा के अवसर पर राउत नाचा दल और सुआ नर्तक दल ने आकर्षक धुनों के साथ परंपरागत नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पारम्परिक वेशभूषा में राउत नर्तक दल के साथ नृत्य में शमिल होकर उनका उत्साहवर्धन किया। नन्हीं गायिका आरू साहू ने छत्तीसगढ़ी गीत जस गीत, सुआ नृत्य राउत नृत्य के गीत अपनी मधुर आवाज में प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, वनमंत्री मोहम्मद अकबर, आदिम जाति विकास मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और विनोद सेवनलाल चंद्राकर, विधायक मोहन मरकाम, सत्यनारायण शर्मा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, महापौर रायपुर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक सहित अनेक जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO:- CHHHIN/2018/76480